भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान(मानद विश्वविद्यालय)
ICAR-National Dairy Research Institute (Deemed University)
करनाल, हरियाणा (भारत). पिन-132 001.
Karnal, Haryana (India). PIN 132 001
(ईमेल Email : hindicell.ndri@icar.gov.in)

फा.सं.12-6/संसदीय निरीक्षण/2021 दिनांक : .07.2021

सेवा में,

प्रभागाध्यक्ष/प्रभारी, सभी प्रभाग/अनुभाग, राडेअनुसं, करनाल।

विषय : संसदीय निरीक्षण से पूर्व अंग्रेजी मुहरों को द्विभाषिक में बनवाने की पुष्टि बावत्।

महोदय/महोदया,

यह विदित हो कि संसदीय राजभाषा समिति की द्वितीय उप समिति हमारे संस्थान का अल्प सूचना पर कभी भी फिजिकल निरीक्षण कर सकती है। इस निरीक्षण के दौरान संसदीय समिति की माननीय अध्यक्षा एवं अन्य माननीय सदस्य सांसदों के द्वारा संस्थान के सभी प्रभागों/अनुभागों के कार्यालयीन रिकार्ड, फार्म, पत्राचार फाइलें, रजिस्टर, सेवा पुस्तिकाएं, कैश-बुक आदि का निरीक्षण किया जा सकता है।

संस्थान के राजभाषा एकक ने समिति की निरीक्षण प्रश्नावली भरने के दौरान यह पाया कि मुहरें (संलग्न अनुसार) अंग्रेजी में हैं, जो राजभाषा नियम का उल्लंघन है। चूंकि इस नियम के अनुसार समस्त स्टेशनरी सामग्री आदि द्विभाषिक (हिन्दी पंक्ति के नीचे अंग्रेजी पंक्ति) में होना अनिवार्य है।

अत: आपसे अनुरोध है कि संलग्न पत्रक में लगी मुहरों को द्विभाषिक रूप में तैयार करने की पुष्टि दिनांक 17.07.2021 तक करें। साथ ही, द्विभाषिक में मुहरें बनवाने के बाद उनकी छाप साफ ए-4 आकार के कागज पर लगा कर राजभाषा एकक को भिजवाएं। सिर्फ अंग्रेजी में बनी सभी मुहरें नियमानुसार अलग हटा दी जाएं/नष्ट कर दी जाएं/ प्रयोग में कभी न लायी जाएं।

भवदीय,

12.07.21

(विवेक पुरवार)
संयुक्त निदेशक(प्रशासन) एवं कुलसचिव

प्रतिलिपि :
निजी सचिव के माध्यम से निदेशक के सूचनार्थ।